कार्यालय,
मुख्य अभियंता, जल संसाधन (लघु सिंचाई), राँची
अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची ।

विज्ञापन

लघु सिंचाई प्रक्षेत्र, राँची अंतर्गत मुफ्फसिल लिपिकिय सेवा में प्रोन्नति/नियुक्ति हेतु सीमित विभागीय परीक्षा

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि:–31.10.2012 विज्ञापन सं0–मु0अ0ल0सिं0–01/2012

लघु सिंचाई प्रक्षेत्र राँची के अंतर्गत कार्यरत
वर्ग–'घ' (चतुर्थ वर्ग) कर्मचारियों के लिए

डब्लू0पी0(एस0)सं0–4440/2007 (श्री दीपक कुमार एवं अन्य बनाम झारखण्ड सरकार एवं अन्य) से उद्भूत अवमाननावाद संख्या–738/2010 के क्रम में जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–3740 दिनांक–31.07.2012 एवं 4652 दिनांक–05.09.2012 से प्राप्त निदेश के आलोक में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1749 दिनांक–27.03.2010 में निहित अनुदेश के क्रम में लघु सिंचाई प्रक्षेत्र, राँची के अंतर्गत वर्ग–'घ' के पद पर कार्यरत कर्मचारियों से निम्नांकित पदों पर प्रोन्नति/नियुक्ति के लिए सीमित परीक्षा हेतु नीचे उल्लिखित शर्तो के अधीन विहित प्रपत्र में दिनांक– 31. 10.2012 के संध्या 5.00 बजे तक उचित माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में ही करना अनिवार्य होगा जिसका नमूना विज्ञापन के साथ प्रकाशित किया जाता है।

2. (क) अर्हताएँ :–(1) आवेदक लघु सिंचाई प्रक्षेत्र, राँची के अंतर्गत वर्ग–'घ' (चतुर्थ वर्ग) के कर्मचारी के रूप में दिनांक–31.08.2012 को न्यूनतम 10 वर्षों की सेवा पूरी कर ली हो। (2) उनकी सेवा संतोषजनक रही हो। (3) शैक्षणिक अर्हता :– (क) लेखा लिपिक – मैट्रिक गणित के साथ उत्तीर्ण, (ख) पत्राचार लिपिक – मैट्रिक उत्तीर्ण (ग) आशुटंकक – मैट्रिक उत्तीर्ण तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण एवं आशुलेखन का ज्ञान (घ) जीप चालक – मैट्रिक उत्तीर्ण तथा जीप चलाने का ड्राईविंग लाईसेंस (विज्ञापन की तिथि से कम से कम तीन वर्ष पूर्व निर्गत की गयी हो)। (4) किसी सक्षम न्यायालय में उनके विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला लम्बित न हो। (5) उनके विरूद्ध किसी प्रकार का विभागीय कार्यवाही लम्बित न हो। (6) वह स्वस्थ हो।

(ख) पदों से सम्बन्धित विवरणी :–

क्रमांक	पदनाम	अनारक्षित	अनु0 जन जाति	अनु0 जाति	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनु0–1)	पिछड़ा वर्ग (अनु0–2)	कुल
1	लेखा लिपिक	2	1	-	-	-	03
2	पत्राचार लिपिक	1	-	-	-	-	01
3	आशुटंकक	2	1	-	-	-	03
4	जीप चालक	2	1	-	-	-	03
	कुल	07	03	00	00	00	10

वेतनमान रू0– 5200–20,200 ग्रेड वेतन 1900 P.B -I

आरक्षण का लाभ लेने के लिए कार्यालय प्रधान अथवा नियंत्री पदाधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र में स्वीकृत प्रमाण–पत्र प्रेषित करना अनिवार्य होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ अनुमान्य नहीं होगा।

(ग) **आचरण प्रमाण–पत्रः–** आवेदक को विहित प्रपत्र में कार्यालय प्रधान/नियंत्री पदाधिकारी से आचरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(घ) आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि–31.10.2012 है। आवेदन पत्र उचित माध्यम/नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से इस प्रकार प्रेषित किया जाय कि वह दिनांक–31.10.2012 संध्या 5.00 बजे तक मुख्य अभियंता कार्यालय, लघु सिंचाई, राँची को अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाय। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे । इस संबंध में मुख्य अभियंता का निर्णय अंतिम होगा।

(ङ) आवेदक विहित प्रपत्र में मुख्य पृष्ठ के निर्दिष्ट स्थान पर पासपोर्ट आकार का अभिप्रमाणित नवीनतम छायाचित्र अवश्य चिपकायें।

(च) शैक्षणिक प्रमाण–पत्र :– आवेदक अपने शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।

(छ) **विशेषः–** अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जायगा एवं किसी प्रकार का दावा अनुमान्य नहीं होगा।

परीक्षा का स्वरूप

वर्ग–ग (तृतीय वर्ग) में प्रोन्नति/नियुक्ति हेतु सीमित प्रतियोगिता परीक्षा का एक पत्र होगा, जो 100 अंक का होगा। एक मात्र पत्र के लिए परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी।

क्रमांक	परीक्षा का विषय (लेखा लिपिक, पत्राचार लिपिक और आशुलिपिक के लिए)	कुल अंक
1	हिन्दी के 200 शब्दों के अनुच्छेदों को सुन्दर अक्षरों में प्रतिलिपि करना	20
2	डायरी एवं प्रेषण पंजी में (10–10) कुल 20 (बीस) प्रविष्टि करना	10
3	अंग्रेजी के अनुच्छेद को हिन्दी में अनुवाद करना	50
4	हिन्दी के दस अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना	10
5	सुन्दर लिखावट हेतु विशेष अभ्युक्ति	10
	पूर्णांकः–	100

क्रमांक– 3 आशुटंकक पद के लिए परीक्षा हेतु निम्नलिखित पाठ्यक्रम अतिरिक्त होगें और इसकी परीक्षा अलग से आयोजित की जायगी ।

(क) हिन्दी टाइपिंग – 30 शब्द प्रति मिनट
(ख) हिन्दी आशुलेखन – 80 शब्द प्रति मिनट
(ग) अंग्रेजी टाइपिंग – 40 शब्द प्रति मिनट
(घ) अंग्रेजी आशुलेखन – 100 शब्द प्रति मिनट

क्रमांक –4 में अंकित जीप चालक के पद पर प्रोन्नति/नियुक्ति हेतु मात्र हिन्दी के 200 शब्दों के अनुच्छेदों को सुन्दर अक्षरों में प्रतिलिपि करने की परीक्षा ली जायेगी जिसका पूर्णांक 100 अंको का होगा । इस लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की व्यवहारिक परीक्षा अलग से आयोजित की जायगी ।

नोटः– अभ्यर्थी को कम से कम 50 अंक प्राप्त होने पर ही परीक्षा में उर्तीण घोषित किया जायेगा एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए उत्तीर्णता 40 अंक का होगा।

आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.wrdjharkhand.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, राँची तथा सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रक्षेत्र, राँची कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है।

परीक्षा की तिथि, स्थान एवं कार्यक्रम की घोषणा उचित समय पर की जायेगी।

01.10.12

मुख्य अभियंता,
लघु सिंचाई, राँची।